भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2539#
गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना**

**2539#. श्रीमती झरना दास बैद्यः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान इस संदर्भ में किए गए खर्च का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या त्रिपुरा और मणिपुर राज्यों में पर्यटन हेतु किसी पर्यटन विकास निधि की स्थापना की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): जी, हां महोदय। पर्यटन मंत्रालय अपनी प्रमुख योजनाओं यथा स्वदेश दर्शन और तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन(प्रशाद) के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघशासित प्रदेश प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन स्थलों के रूप में संवर्धन और विकास के लिए स्थानों का चयन मुख्य रूप से राज्य सरकार/ संघ शासित प्रदेश प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके अलावा, मंत्रालय के आरसीएस उड़ान-3 के तहत पहचाने गए पर्यटन मार्गों के साथ ही साथ पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। उपर्युक्त योजनाओं के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे अनुबंध में दिया गया है।

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा किए गए कुल व्यय का विवरण नीचे दिया गया है:-

**(करोड़ रुपए में)**

| **वर्ष** | **उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए कुल व्यय** |
|---|---|
| 2016-17 | 150.00 |
| 2017-18 | 175.00 |
| 2018-19 | 198.43 |
| 2019-20 | 43.68 |
| 2020-21 | 147.33 |

(घ) जी, नहीं महोदय। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी योजनाओं जैसे स्वदेश दर्शन, प्रशाद, केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के तहत राज्य/ संघ शासित प्रदेश प्रशासनों, केंद्रीय एजेंसियों को त्रिपुरा और मणिपुर सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के संवर्धन और विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

*******

**अनुबंध**

पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना के सम्बन्ध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2539 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना**

पूर्वोत्तर क्षेत्र में वर्ष 2014-15 से अब तक स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

**(करोड़ रु में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | 2014-15 | भालुकपोंग- बोमडिला और तवांग में मेगा परिपथ का विकास। | 49.77 |
| 2 | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | नफरा, सेप्पा, पप्पू, पासा, पक्के घाटियों, लुमडुंग, लफांग सोहंगलेक, तारो यार, न्यू सागली, जीरो, योमचा का विकास | 96.72 |
| 3 | असम | वन्यजीव परिपथ | 2015-16 | मानस - पोबितोरा- नमेरी- काजीरंगा- डिब्रू-सैखोवा का विकास । | 94.68 |
| 4 | | विरासत परिपथ | 2016-17 | तेजपुर-माजुली-शिबसागर का विकास | 90.98 |
| 5 | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | मणिपुरः इम्फाल-खोंगजोम में पर्यटक परिपथ का विकास | 72.23 |
| 6 | | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशिबोदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास। | 53.80 |
| 7 | मणिपुर | पूर्वोत्तर परिपथ | 2016-17 | उमियाम (झील का दृश्य), यू लुम सोहपेटबनेंग-मावडिआंगडिआंग-आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास। | 99.13 |
| 8 | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2018-19 | पश्चिम खासी पहाड़ियों का विकास (नोंगखलाव-क्रेमटिरोट-खुडोई और कोहमंग जलप्रपात-खरी नदी-मावथाद्रिशान, शिलॉन), जयंतिया हिल्स (क्रंग सूरी जलप्रपात- शिरमांग- ऊकसी), गारो हिल्स (नोक्रेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) | 84.97 |
| 9 | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | थेनजॉल और दक्षिण जोटे, जिलों सेरछिप और रेकी का एकीकृत विकास | 92.26 |
| 10 | | इको परिपथ | 2016-17 | आइजोल-रॉपुइछिप-ख्वाफावप-लेंगपुई-दुर्लांग-चटलांग-साकावरहमुइतुऐटलांग-मुथी-बेरातलावंग-तुइरियल एयरफील्ड-हमुइफंग में इको-साहसिक परिपथ का विकास | 66.37 |
| 11 | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | 2015-16 | पेरेन-कोहिमा-वोखा में जनजातीय परिपथ का विकास | 97.36 |
| 12 | | जनजातीय परिपथ | 2016-17 | मोकोकचुंग-त्युएनसांग-मोन का विकास | 98.14 |
| 13 | सिक्किम | पूर्वोत्तर | 2015-16 | रंगपो को जोड़ने वाले परिपथ का विकास | 98.05 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ | | (प्रवेश) - रोराथांग- अरितर- फादमचेन-नाथंग-शेराथांग- सोंगमो- गंगटोक-फोडोंग-मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन- थंगू-गुरुडोंगमेर- मंगन- गंगटोक-तुमिनलिंगी-सिंगतम (निकास)। | |
| 14 | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2016-17 | सिंगतम-माका-टेमी-बरमोइकटोकेल-फोंगिया-नामची-जोरथांग-ओखरे-सोम्बारिया-दारमदीन-जोरेथांग-मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 15 | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | 2015-16 | पूर्वोत्तर परिपथ का विकासः अगरतला - सिपाहीजाला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर-तीर्थमुख- मंदिरघाट- डंबूर- नारिकेलकुंजा-गंडाचारा- अंबासा | 82.85 |
| | | पूर्वोत्तर परिपथ | 2018-19 | सूरमाचेरा - उनाकोटी-जम्पुई हिल्स- गुनाबती-भुनानेश्वरी-माताबारी-नीरमहल- बोक्सानगर-छोटाखोला-पिलक- अवंगचार्रा का विकास | 65.00 |

**तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना**

**(करोड़ रु में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | लोहित जिले में परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| 2 | असम | गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आस-पास तीर्थ गंतव्य का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| 3 | मेघालय | मेघालय में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| 4 | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| 5 | सिक्किम | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स पर तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| 6 | त्रिपुरा | त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.84 |

**पूर्वोत्तर क्षेत्र में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं**

**(लाख रु में)**

| **वर्ष** | **राज्य** | **परियोजनाओं का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 2019-20 | असम (निमाती, पांडु, जोगीघोपा और विश्वनाथघाट) | राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के चढ़ने/उतरने के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी के विकास के लिए सीएफए | 1244 |
| 2020-21 | मिजोरम | आइजोल, मिजोरम में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास | 3994.75 |

आरसीएस उड़ान-3 पर्यटन के तहत, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए हवाई संपर्क में सुधार के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा संचालित मार्ग निम्नानुसार हैं और मार्गों के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा 3.38 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

| क्र. सं. | मार्ग | स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | दीमापुर से डिब्रूगढ़ | शुरू |
| 2 | डिब्रूगढ़ से दीमापुर | शुरू |
| 3 | दीमापुर से इंफाल | शुरू |

'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना' के अंतर्गत रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय ने 50:50 के अनुपात में लागत हिस्सेदारी के आधार पर पूर्वोत्तर क्षेत्र में निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों का विकास किया है:-

| क्र. सं. | परियोजना | वित्त वर्ष | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कामाख्या रेलवे स्टेशन | 2018-19 | 4.96 करोड़ रु. |
| 2 | गुवाहाटी रेलवे स्टेशन | 2018-19 | 4.96 करोड़ रु. |
| 3 | न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन | 2019-20 | 4.55 करोड़ रु. |

*******